नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से



2 भारत-जापान मंच पर मोदी का भविष्य विजन



4 राघव चड्ढा को अदालत की नसीहत




9 ई-केवाईसी नहीं कराया तो रुकेगी सब्सिडी



10 स्पेन ने 2010 के बाद पहली बार जीता नॉकआउट

# कमियां दूर करे मंदिर ट्रस्ट

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर पहली बार बोला आरएसएस

**अयोध्या 03 जुलाई. रामलला मंदिर के दानपात्रों में जमा चढ़ावे चोरी के मामले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पहली बार अपनी प्रतिक्रिया दी है. संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने शुक्रवार को कहा कि रामलला मंदिर के दानपात्रों में जमा राशि की चोरी की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है.**

उन्होंने कहा कि करोड़ों रामभक्तों के समर्पण, त्याग और बलिदान से भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है, इसलिए मंदिर के प्रबंधन और संचालन व्यवस्था में यदि कोई कमी है तो उसे प्रभावी ढंग से दूर किया जाना चाहिए. होसबाले ने कहा कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास बनाए रखने के लिए मंदिर की वित्तीय व्यवस्था, संचालन प्रणाली और प्रबंधन पूरी तरह पारदर्शी, त्रुटिरहित तथा धर्मसम्मत होना चाहिए. उन्होंने ट्रस्ट से व्यवस्था को और मजबूत बनाने की अपेक्षा जताई. होसबाले ने ये भी कहा कि आरएसएस इस घटना की निंदा करता है.

उधर, मामले की जांच कर रही स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन भी राम मंदिर परिसर पहुंची. सूत्रों के



### अब तक 79.85 लाख की बरामदगी

| आरोपी | बरामदगी |
|---|---|
| अविनाश शुक्ला | 20.39 |
| करुणेश पांडेय | 18.07 |
| अनुकल्प मिश्रा | 16.82 |
| लवकुश मिश्रा | 14.25 |
| रमाशंकर मिश्रा | 7.32 |
| मनीष यादव | 2 |
| रामशंकर यादव | 1 |
| कुल | 79.85 (लाख रु.में) |

**अविनाश के पास 1121 अमेरिकी डॉलर, 2 सोने की चेन, 1 अंगूठी, चांदी जैसी धातु भी मिली.**

अनुसार, जांच टीम ने ट्रस्ट से जुड़े सदस्य गोपाल राव से पूछताछ की. दूसरी ओर, जांच एजेंसियां उसकी निशानदेही पर उन स्थानों पर जाने की तैयारी कर रही हैं. अविनाश प्रतापगढ़ का निवासी है और मंदिर में चढ़ावे की गिनती का कार्य करता था. वह अयोध्या में किराये के मकान में रहता था। पुलिस के अनुसार, उसके कमरे से 20 लाख रुपये नकद, 1,000 अमेरिकी डॉलर, सोने-चांदी के आभूषण और रामराज्य कोष लिखा एक बक्सा बरामद किया गया था. वहीं, सह-आरोपी लवकुश मिश्रा की पत्नी सुप्रिया मिश्रा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उन्हें इस मामले की कोई जानकारी नहीं है और उनके पति ने कभी इस विषय पर उनसे चर्चा नहीं की.

### किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जायेगा : कटियार



भारतीय जनता पार्टी के नेता विनय कटियार ने भी मामले पर प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा कि पैसों के गबन की बात स्पष्ट दिखाई देती है. उन्होंने ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा और आमंत्रित ट्रस्ट सदस्य गोपाल राव का उल्लेख करते हुए कहा कि वे अब तक जेल नहीं गए हैं, किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जायेगा. हालांकि आगे की कार्रवाई जांच पर निर्भर करेगी. विनय कटियार ने यह भी कहा कि इस मामले को लेकर उनकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत हुई थी लेकिन, एक चैनल पर विनय कटियार अपने ही बयान से साफ मुकर गए. वहीं, उन्होंने कहा कि हमने चंपत राय को जेल भेजने की बात नहीं की. वहीं, वीएचपी के अध्यक्ष आलोक मिश्रा ने विनय कटियार के बयान को गंभीरता से नहीं मानने का आग्रह किया है.

> पुलिस शुक्रवार सुबह अयोध्या जेल पहुंची और आरोपी अविनाश शुक्ला को 24 घंटे की कस्टडी में लेकर पुलिस लाइन लाई, जहां उससे करीब दो घंटे तक पूछताछ की गई। इसके बाद पुलिस उसे प्रतापगढ़ लेकर रवाना हो गई. पुलिस के अनुसार, पूछताछ में जानकारी मिली है कि अविनाश शुक्ला ने चढ़ावे में आए सोने-चांदी के आभूषण और नकदी अलग-अलग स्थानों पर छिपाई है.

## एक नजर में

### इंस्टाग्राम के अधिकारियों को मंत्रालय ने किया तलब

**नई दिल्ली.** इंस्टाग्राम के विज्ञापन नेटवर्क पर बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री का कथित प्रचार होने के आरोपों के बाद केंद्र सरकार ने मेटा के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है. केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रालय के अधिकारियों को तलब करने के निर्देश दिए हैं. सरकार का कहना है बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस तरह के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी. सूत्रों के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय मेटा से यह पूछेगा कि ऐसे विज्ञापन इंस्टाग्राम पर कैसे और क्यों दिखाई दिए.

### जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े 8 संदिग्ध हिरासत में

**अहमदाबाद.** गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से कथित तौर पर जुड़े आठ संदिग्धों को गिरफ्तार किया. इनमें से सात संदिग्धों को गुजरात के बनासकांठा, पाटन और नवसारी जिलों से तथा एक संदिग्ध को मध्य प्रदेश के देवास जिले से हिरासत में लिया गया. सभी आरोपियों के खिलाफ गैर-कानूनी गतिविधियां अधिनियम तथा भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है.

### बैंकॉक से 1.23 करोड़ का सोना लाया युवक

**मुंबई.** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कस्टम्स की एयर इंटेलिजेंस यूनिट ने सोने की कथित तस्करी की एक कोशिश को विफल करते हुए 25 वर्षीय एक यात्री को गिरफ्तार किया है. अधिकारी के अनुसार, आरोपी के पास से 24 कैरेट का एक किलोग्राम सोने का बार बरामद हुआ है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1.23 करोड़ रुपये बताई गई है. मामले में आगे की जांच जारी है. कस्टम्स अधिकारियों के अनुसार, बैंकॉक से मुंबई आने वाली एक उड़ान के संबंध में पहले से खुफिया सूचना प्राप्त हुई थी कि एक यात्री सोने की तस्करी का प्रयास कर सकता है.

# फर्जी ईमेल से 1.62 करोड़ की साइबर ठगी

## इंदौर साइबर पुलिस ने जेपी मॉर्गन बैंक में राशि होल्ड कराकर 100 प्रतिशत रिफंड कराया

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 3 जुलाई. एशियन गेम्स 2026 की तैयारी कर रही इंदौर की एक अंतरराष्ट्रीय घुड़सवार से विदेशी कंपनी के नाम पर फर्जी ईमेल भेजकर 1 करोड़ 62 लाख रुपए की साइबर ठगी कर ली गई.**

शिकायत मिलते ही राज्य साइबर सेल जोन इंदौर ने तुरंत कार्रवाई करते हुए जालसाजों के बैंक खाते में राशि होल्ड कराई और पूरी 1.62 करोड़ रुपए की रकम शिकायतकर्ता के एचडीएफसी बैंक खाते में वापस




करा दी. खिलाड़ी ने जापान में होने वाले एशियन गेम्स की तैयारी के लिए विदेशी कंपनी से घोड़ा खरीदने का अनुबंध किया था. मार्च से कंपनी के साथ भुगतान चल रहा था. 29 मई को जालसाजों ने कंपनी के संचालक के नाम से फर्जी ईमेल भेजकर बैंक खाता बदलने की जानकारी दी. ईमेल पर भरोसा कर खिलाड़ी ने 1.62 करोड़ रुपए नए खाते में ट्रांसफर कर दिए. बाद में कंपनी से संपर्क होने पर धोखाधड़ी का खुलासा हुआ. शिकायत मिलते ही साइबर सेल ने तकनीकी और कानूनी कार्रवाई करते हुए जेपी मॉर्गन बैंक में खाते पर तत्काल होल्ड लगवाया. लगातार समन्वय के बाद मंगलवार 30 जून तक पूरी राशि सुरक्षित वापस करा दी गई. इससे पहले भी वर्ष 2025 में इसी परिवार के 3.75 करोड़ रुपए बिजनेस ईमेल फ्रॉड में वापस कराए जा चुके हैं.

## देश में निर्मित हुआ अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता का शिपिंग कंटेनर

**नई दिल्ली, 3 जुलाई.** पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के दादरी स्थित मैर्स्क-कॉनकॉर इनलैंड कंटेनर डिपो में भारत में निर्मित पहले एक्जिम शिपिंग कंटेनर का अनावरण करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से वैश्विक विनिर्माण और समुद्री क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी राष्ट्र बन रहा है और अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों वाला पहला शिपिंग कंटेनर भारत की विनिर्माण क्षमता और समुद्री क्षेत्र में बढ़ती वैश्विक साख का प्रतीक है.

# खतना कानून की दृष्टि में अपराध

**प्रयागराज, 3 जुलाई. इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निकाह, हलाला और तीन तलाक से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि इन रस्म-रिवाजों के चक्रव्यूह में फंसाकर किसी महिला के यौन शोषण की अनुमति नहीं दी जा सकती.**

अदालत ने टिप्पणी की कि यह समाज का ऐसा काला पन्ना है, जो संवैधानिक मूल्यों, समानता और मानवीय गरिमा की अवधारणा से कोसों दूर है. कोर्ट ने कहा कि ऐसे कृत्य न केवल कानून की दृष्टि में अपराध हैं, बल्कि समाज की सामूहिक अंतरात्मा को भी झकझोरते हैं. न्यायमूर्ति जेजे मुनीर और न्यायमूर्ति तरुण सक्सेना की



हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी

खंडपीठ ने अमरोहा जिले के एक मामले में पीड़िता के पूर्व पति, चाचा, मौलाना और अन्य रिश्तेदारों की ओर से दायर अलग-अलग याचिकाओं को खारिज कर दिया. इन याचिकाओं में दर्ज एफआईआर को रद्द करने और गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग की गई थी.

# भारत बना अमेरिका के लिए नई मिसाल

**वाशिंगटन, 03 जुलाई. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था में से एक बताया और कहा कि अमेरिका को महंगाई और इंटरेस्ट रेट की चिंताओं से बंधे रहने के बजाय बहुत ज्यादा आर्थिक विकास हासिल करना चाहिए।**

सीएनबीसी के साथ एक इंटरव्यू में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत के आर्थिक प्रदर्शन की सराहना की, जबकि मॉनेटरी पॉलिसी को लेकर अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बहुत ज्यादा सावधानी बरतने को लेकर



ट्रंप ने भारत की आर्थिक प्रगति को सराहा

आलोचना की. राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, आपके पास कुछ देश हैं, भारत उनमें से एक है, जो बहुत अच्छा कर रहा है, लेकिन यह 7, 8 फीसदी पर है। अमेरिका जून में भी भारत को द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस की सबसे बड़ी आपूर्ति करने वाला देश बना रहा. पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच भारत ऊर्जा आयात के स्रोतों में विविधता लाने की रणनीति पर तेजी से काम कर रहा है, जिसके चलते अमेरिका ने पारंपरिक खाड़ी देशों पर अपनी बढ़त और मजबूत कर ली है। कमोडिटी एनालिटिक्स फर्म केप्लर के आंकड़ों के अनुसार, जून में भारत ने अमेरिका से 7.73 लाख मीट्रिक टन (773.78 टीएमटी) एलपीजी आयात की, जो मई की तुलना में 19.4 प्रतिशत अधिक है।

# अमरनाथ यात्रियों के नाम पीएम मोदी का पत्र



**नई दिल्ली 3 जुलाई. पवित्र अमरनाथ यात्रा के शुभारंभ के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रद्धालुओं के नाम एक विशेष पत्र जारी कर उन्हें शुभकामनाएं दी हैं.**



अपने संदेश में उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर स्थित पवित्र अमरनाथ धाम की यात्रा में शामिल होना प्रत्येक शिवभक्त के लिए सौभाग्य का विषय है. उन्होंने कहा कि ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन हुई प्रथम पूजा के साथ बाबा बर्फानी के दर्शन का क्रम प्रारंभ हो जाता है और देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु इस पावन यात्रा में शामिल होने के लिए उत्साहपूर्वक पहुंचते हैं.

### पीएम आज राजस्थान-गुजरात दौरे पर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को राजस्थान और गुजरात के दौरे पर रहेंगे. इस दौरान वह दोनों राज्यों में 1.06 लाख करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे. इन परियोजनाओं में पेट्रोकेमिकल, शहरी परिवहन, रेलवे, सड़क, बिजली ट्रांसमिशन, विमानन और सेमीकंडक्टर निर्माण से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं.

# ई-रिक्शा बैटरी से जुड़े 7 चीनी ऐप हटाने के निर्देश

**नई दिल्ली 03 जुलाई. केंद्र सरकार ने ई-रिक्शा और अन्य इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी से जुड़े कथित सुरक्षा जोखिमों को देखते हुए गूगल एंड्रॉइड और एप्पल आईओएस को नोटिस जारी किया है.**

सरकार ने दोनों कंपनियों को सात बैटरी मैनेजमेंट ऐप्स को अपने-अपने ऐप स्टोर से हटाने का निर्देश दिया है. इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को आशंका है कि इन ऐप्स का कथित तौर पर दुरुपयोग बैटरी चालित वाहनों को दूर से नियंत्रित या बंद करने के लिए किया जा सकता है। सरकारी अधिकारियों के अनुसार, बैटरी मैनेजमेंट से जुड़े कुछ मोबाइल एप्लिकेशन ब्लूटूथ कनेक्टिविटी के माध्यम से ई-रिक्शा और अन्य इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी से संपर्क स्थापित करते हैं।

मंत्रालय को इन ऐप्स के संभावित दुरुपयोग को लेकर चिंता जताई गई थी, जिसके बाद गूगल और एप्पल को आवश्यक कार्रवाई के लिए नोटिस भेजा गया.

## गुस्ताखी माफ




# रिपोर्ट से पहले ही यूसीसी विधेयक तैयार

## यूसीसी ड्राफ्ट तैयार करने के लिए गठित कमेटी की चेयरपर्सन से जीएडी ने मांगा समय

कन्हैया लोधी


**भोपाल, 3 जुलाई. मप्र में समान नागरिक संहिता यानी यूसीसी लागू करने के लिए गठित हाई लेवल कमेटी ने ड्राफ्ट को अंतिम रूप दे दिया है. ये ड्राफ्ट अब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को औपचारिक रूप से सौंपा जाएगा.**

इस ड्राफ्ट को मुख्यमंत्री को सौंपने के लिए कमेटी की चेयरपर्सन सुप्रीम कोर्ट की रिटायर्ड जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई से सामान्य प्रशासन विभाग ने अनुरोध किया है. यदि रंजना प्रकाश देसाई का समय तय होता है तो फिर संभव है कि 5 जुलाई को इस संबंध में तैयार ड्राफ्ट मुख्यमंत्री को सौंप दिया जाए. इस बीच राज्य सरकार ने कमेटी की ओर से औपचारिक रूप से यूसीसी ड्राफ्ट सौंपने से पहले ही विधेयक का प्रारूप तैयार कर लिया है. इस विधेयक को विधानसभा के मानसून सत्र में पेश किया जाएगा.

### कमेटी की सिफारिशों के आधार पर होंगे मामूली बदलाव

राज्य सरकार ने जो तैयारी की है, उसके हिसाब से एक तरफ कमेटी अपनी सिफारिशों का मसौदा तैयार करने के लिए समाज के सभी वर्गों के साथ ही सरकारी और सामाजिक संगठनों से सुझाव ले रही थी, वहीं ऑनलाइन और आमने-सामने हुई बैठकों में मिले सुझावों के आधार पर राज्य सरकार ने भी समानांतर रूप से यूसीसी विधेयक का प्रारूप तैयार करने का सिलसिला शुरू कर दिया था, जिससे कि विधेयक को तैयार करने में देरी नहीं हो.

यूसीसी के लिए गठित कमेटी में रिटायर्ड जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई के अलावा रिटायर्ड आईएएस शत्रुघ्न सिंह, कानूनविद अनूप नायर, शिक्षाविद गोपाल शर्मा और सामाजिक कार्यकर्ता बुधपाल सिंह को शामिल किया गया है. **(शेष पेज 12 पर)**





# अमित शाह या नीतीश हो सकते हैं उप प्रधानमंत्री

प्रवेश कुमार मिश्र

**नई दिल्ली, 03 जुलाई.केन्द्रीय मंत्रिमंडल के विस्तार की तैयारियों के बीच अचानक गृहमंत्री अमित शाह और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार में से किसी एक को उपप्रधानमंत्री बनाए जाने की बात राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई है.**

राजनीतिक जानकार बता रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाजपा की दीर्घकालिक योजना मिशन 2029 को सफल बनाने तथा पार्टी में दूसरी पीढ़ी के नेतृत्व को स्थापित करने के साथ-साथ प्रशासनिक और संगठनात्मक कार्यों के बीच एक सशक्त सेतु बनाने के उद्देश्य से प्रशासनिक और राजनीतिक दृष्टि से सरकार और कैबिनेट समितियों में प्रधानमंत्री मोदी के बाद सबसे शक्तिशाली और प्रभावशाली स्थिति में स्थापित अमित शाह को उपप्रधानमंत्री बनाकर बड़ा संदेश दे सकते हैं. हालांकि इस बारे में कोई औपचारिक संकेत नहीं दिया जा रहा है लेकिन राजनीतिक गलियारों में इस विषय को लेकर बहुस्तरीय चर्चा हो रही है. इतना ही नहीं राजग गठबंधन में सबसे अनुभवी नेता बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर भी इसी तरह की चर्चा हो रही है.

कहा जा रहा है कि जब नीतीश कुमार मुख्यमंत्री पद छोड़कर राज्यसभा सदस्य के तौर पर केन्द्रीय राजनीति में वापसी कर रहे थे उस समय संभवत: भाजपाई रणनीतिकारों ने उन्हें कोई बड़ा और सम्मानजनक पद देने की बात कही थी.

हालांकि इस तरह के वादों के संदर्भ में औपचारिक पुष्टि अभी तक न तो जदयू और ना ही भाजपा की ओर से की गई है लेकिन अनौपचारिक बातचीत में जदयू के कई वरिष्ठ नेताओं ने इसको लेकर इशारा किया है.

# आंतकवाद को समर्थन देना बंद करे पाक : भारत

- सिंधु जल संधि : पाकिस्तान को भारत का करारा जवाब
- सिंधु जल संधि पर भारत के रूख में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली 03 जुलाई. भारत ने सिंधु जल संधि को लेकर पाकिस्तान की हाल की बयानबाजी पर उसे करारा जवाब देते हुए कहा है कि इस मामले में भारत के रूख में कोई बदलाव नहीं आया है और पाकिस्तान को आतंकवाद को समर्थन देना बंद करना होगा.**

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को नियमित मीडिया ब्रीफिंग में इस बारे में पूछे गये सवालों के जवाब में कहा कि भारत की ओर से यह संधि स्थगित है और पाकिस्तान को आतंकवाद को समर्थन देने पर रोक लगानी होगी.

उन्होंने कहा कि सिंधु जल संधि पर भारत के रूख में कोई बदलाव नहीं आया है. यह संधि स्थगित रहेगी जब तक कि पाकिस्तान विश्वसनीय और पूरी तरह से सीमा-पार आतंकवाद को समर्थन देना बंद नहीं कर देता.

**डीएसी बैठक** 52 हजार करोड़ के रक्षा सौदों को मंजूरी, सेनाओं को मिलेंगे यूएवी

# अब तीनों सेनाओं को मिलेंगे आधुनिक हथियार

**नई दिल्ली 03 जुलाई. सरकार ने सशस्त्र बलों की मारक क्षमता बढाने तथा उन्हें अत्याधुनिक हथियारों से लैस करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 52 हजार करोड़ रुपये के रक्षा सौदों को मंजूरी दी है.**

जिनमें भारतीय सेना के लिए, मानव रहित हवाई यान, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम , टैंक रोधी मिसाइल , मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल , बहुत कम दूरी




की वायु रक्षा प्रणाली , टैंकों के लिए सक्रिय सुरक्षा प्रणाली और जेट आधारित कामिकेज़ ड्रोन प्रणाली की खरीद शामिल है. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को यहां हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक ने इन खरीद सौदों को सैद्धांतिक मंजूरी दी. रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि इन खरीद सौदों में भारतीय सेना के लिए, मानव रहित हवाई यान (यूएवी), इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम आकाश तरंग, मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल (एमपीएटीजीएम) सिस्टम, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एमआरएसएएम) हथियार प्रणाली, बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली (वी-शोराड्स), टैंकों के लिए सक्रिय सुरक्षा प्रणाली और जेट आधारित कामिकेज़ ड्रोन सिस्टम की खरीद शामिल है।

> बैठक में भारतीय वायुसेना के विमानों के लिए हाई एल्टीट्यूड स्यूडो सैटेलाइट की खरीद और अन्य प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। एफडब्ल्यू-एचएपीएस भारतीय वायु सेना के लिए लगातार खुफिया, निगरानी और टोही, दूरसंचार और रिमोट सेंसिंग का काम करेगा।